मेट्रो स्टेशन के बाहर ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म करने के लिए फैसला, नई व्यवस्था 11 मई से लागू की जाएगी

सख्ती : बॉटनिकल गार्डन के सामने सवारी बैठाई तो बस जब्त

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन के सामने अब जाम में कमी आएगी। यहां मुख्य रास्ते पर बस वाले सवारी नहीं बैठा सकेंगे। ऐसा करने पर पांच हजार रुपये जुर्माने के साथ-साथ बस भी जब्त कर ली जाएगी। सवारियां बैठाने के लिए स्टेशन के पीछे की ओर गेट नंबर-4 के पास जगह तय कर दी गई है। यह व्यवस्था 11 मई से लागू कर दी जाएगी।

बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन के सामने व्यावसायिक वाहनों के मुख्य सड़क पर खड़े होकर सवारियां बैठाने से जाम की समस्या होती है। यहां पर जाम की समस्या खत्म करने के लिए बुधवार को नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक राजीव त्यागी के अलावा रोडवेज व पुलिस के अधिकारियों ने यहां का दौरा कर व्यवस्था देखी। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया कि गेट नंबर-4 के पास व्यावसायिक वाहनों के खड़े करने की जगह तय कर दी गई है। यहां पर सवारी बैठाने के लिए 15 मिनट तक वाहन खड़े हो सकते हैं।

इसके बाद खड़े हुए तो शुल्क लिया जाएगा। यहां से बसें सवारियां लेकर अपने निर्धारित रूट पर निकल जाएंगी। इससे सेक्टर-37 अंडरपास से सेक्टर-18 की ओर जाने वाले रास्ते पर जाम की समस्या कम हो जाएगी। गेट नंबर-4 के पास करीब 50 बसें खड़ी की जा सकेंगी। इसी गेट के पास प्राधिकरण की बहुमंजिला वाहन पार्किंग भी बन रही है। इस व्यवस्था को 11 मई शनिवार से लागू कर दिया जाएगा। जरूरत पड़ने पर इस व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

महाप्रबंधक ने बताया कि स्टेशन का गेट नंबर-4 पीछे की ओर है। यहां पर अन्य वाहन नहीं जाते हैं। ऐसे में बस वालों के खिलाफ खासतौर से स्थान तय किया गया है। स्टेशन के सामने मुख्य रास्ते पर खड़ी होने वाली बसों को जब्त किया जाएगा। जब्त करने पर अलग से शुल्क लिया जाएगा।

सेक्टर-29 के सामने भी बसें खड़ी नहीं होंगी : बॉटनिकल गार्डन के सामने सेक्टर-29 की ओर भी सड़क पर बसें खड़ी नहीं होंगी। यहां पर भी जाम की समस्या होती है।

12 मई तक स्थान खाली करना होगा

बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास जब्त वाहन खड़े हैं। इन स्थान को खाली करने का आदेश प्राधिकरण ने परिवहन विभाग को दिया है। यह स्थान 12 मई तक खाली करना होगा।

एफओबी से सीधे जा सकेंगे

नोएडा प्राधिकरण बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से सीधे पार्किंग को जोड़ने के लिए एफओबी भी बना रहा है। इसके बनने से मेट्रो की सवारियां सीधे पार्किंग या बस लेने पहुंच सकेंगी।

सवारियों के लिए सूचना बोर्ड लगेंगे

अब सवारियों को स्टेशन के पीछे गेट नंबर-4 की ओर जाना होगा। लोगों को जानकारी देने के लिए प्राधिकरण जगह-जगह सूचना बोर्ड लगाएगा।

पार्किंग के अंदर स्थायी रूप से ही बसें खड़ी होंगी : पार्किंग स्थल के अंदर भूतल पर करीब 125 बसों के खड़े होने की सुविधा भी जल्द शुरू हो जाएगी। यहां पर बसें वहीं खड़ी होंगी जो कुछ घंटे या पूरे देने के लिए आएंगी।